भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

18.12.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3838 का उत्तर

नाहरलगुन/सुखावी और रंगिया मोरकंगसेलेक ट्रेन का दोन्यी पोलो एक्सप्रेस का ठहराव

3838. श्री रंजीत दत्ता:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने असम के नाहरलागुन/सुखावी से बरगां स्टेशन पर दोन्यी पोलो एक्सप्रेस (गाड़ी सं 15818) और सोनितपुर जिले के मोनाबाड़ी और वेदेती में रंगिया मोरकंगसेलेक ट्रेन के लिए ठहराव उपलब्ध कराने पर विचार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस क्षेत्र में यात्रियों की बढ़ती मांग के बावजूद ठहराव उपलब्ध नहीं कराए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): 15817/15818 शोखावी-नाहरलगुन डोनी पोलो एक्सप्रेस का वर्तमान में गहपुर और बिश्वनाथ चारआली स्टेशनों पर ठहराव निर्धारित है, जबकि 15895/96 रंगिया-मुरकंगसेलेक एक्सप्रेस का निजबरगंज स्टेशन पर ठहराव निर्धारित है, जो मनाबारी और बेदेती स्टेशनों के पास हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल पर गाड़ियों के ठहराव का प्रावधान यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता आदि के अध्यधीन सतत् प्रक्रिया है।

*****